# ऑस्टिन जलवायु समानता योजना

# सारांश










2020-21



# विषय-सूची



कवर फोटो क्रेडिट, ऊपर से बाएं: रेने रेंटेरिया
कवर फोटो क्रेडिट, नीचे से बाएं: फ्रीडम सोलर

05 जलवायु चुनौती बढता हुआ संकट

06 नस्लीय समानता पर केन्द्रित जलवायु संबंधित कार्य

08 संपोषणीय इमारतें

10 परिवहन और भूमि उपयोग

12 परिवहन विद्‌युतीकरण

14 खाद्‌य और उत्पाद की खपत

16 प्राकृतिक प्रणालियां

18 नेट-ज़ीरो हीरो

19 आगे क्या होगा और आप कैसे मदद कर सकते हैं

# प्रभाव

***यदि हम ऑस्टिन की प्रमुख ऊर्जा और गतिशीलता योजनाओं सहित- जलवायु समानता योजना में उल्लिखित सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लेते हैं - तो हम अपने वर्तमान ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 2030 तक 52% तक कम कर सकते हैं।***




# जलवायु चुनौती बढता हुआ संकट

पिछले कुछ वर्षों में, यह स्पष्ट हो गया है कि पृथ्वी की जलवायु में अधिक तेज़ी से परिवर्तन हो रहा है, लेकिन हम उतना उत्सर्जन की मात्रा में कमी नहीं ला पा रहे हैं। जलवायु वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से बचने और रहने योग्य जलवायु को सुरक्षित बनाए रखने के लिए, हमें उत्सर्जन को कम करने की आवश्यकता है। वर्तमान में, हम वैश्विक महामारी, विपत्तिपूर्ण जलवायु आपदाओं की लगातार लहरें, और अश्वेत लोगों जीवन के समर्थन में पुलिस की बर्बरता के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय विरोध का सामना करना पड रहा है। परिवर्तन के इस वैश्विक दौर में, प्रणालीगत नस्लवाद और पर्यावरण के शोषण से निपटने के लिए आवश्यक समाधान पहले से ज्यादा अधिक ज़रूरी हैं। वास्तविक परिवर्तन करने का समय अब आ गया है।

**ऑस्टिन जलवायु समानता योजना में** 2040 **तक समान रूप से नेट-ज़ीरो समुदाय-व्यापी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तक पहुंचने के साहसिक और आक्रामक लक्ष्य का प्रस्ताव रखती है।** नेट-ज़ीरो होने का मतलब है कि ऑस्टिन समुदाय वायुमंडल में शून्य ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होगा। नया प्रस्तावित लक्ष्य 2015 में सिटी काउंसिल द्वारा निर्धारित हमारे पिछले लक्ष्य को 2050 तक नेट-ज़ीरो तक पहुंचने के लिए अपडेट करता है।

## ऑस्टिन का वर्तमान उत्सर्जन और भविष्य पर एक नज़र

ऑस्टिन में, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन चरम पर जा चुका है और अब नीचे की ओर बढ़ रहा है। फिर भी, हमें अभी भी वर्तमान वैज्ञानिक सिफारिशों के साथ तालमेल रखने और सबसे खराब जलवायु प्रभावों से बचने के लिए अधिक काम करने की आवश्यकता है। ऑस्टिन में, हमारा उत्सर्जन मुख्य रूप से पाँच क्षेत्रों से होता है:




अभी, ऑन-रोड परिवहन और इमारतों में इस्तेमाल होने वाली बिजली हमारे उत्सर्जन के सबसे बड़े स्रोत हैं। लेकिन पिछले आठ वर्षों में, ऑस्टिन की आबादी में 20% की वृद्धि के बावजूद इमारतों के उत्सर्जन में लगभग 20% की गिरावट आई है। यह कमी मुख्य रूप से हमारी समुदाय के स्वामित्व वाली बिजली उपयोगिता, ऑस्टिन एनर्जी के माध्यम से अक्षय ऊर्जा उत्पादन में निवेश के कारण है। चूंकि हमारे शहर में ऊर्जा का उपयोग स्वच्छ होता जा रहा है, परिवहन क्षेत्र तेज़ी से उत्सर्जन का हमारा पहला नंबर का स्रोत बनता जा रहा है।

# समानता

*नस्लीय समानता वह स्थिति है जब हमारे समुदाय में किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता के परिणामों की भविष्यवाणी नस्ल के आधार पर नहीं की जा सकती।*



## सामुदायिक जलवायु राजदूत (ऐंबैसडर)

*इस योजना का विकास समुदाय के उन सदस्यों तक पहुंचना ज़रूरी था, जिन्हें जलवायु परिवर्तन की बातचीत से व्यवस्थित रूप से बाहर रखा गया है। इन समूहों के साथ जुड़ने में मदद के लिए, हमने एक सामुदायिक जलवायु राजदूत कार्यक्रम बनाया है। हमारे राजदूत ऊर्जा, परिवहन,खाद्य तथा प्रकृति तक पहुंच के बारे में अपने समुदायों के साथ चर्चा करने के लिए मामूली वित्तीय मुआवज़ा दिया गया। इन वार्तालापों ने हमें सामुदायिक चिंताओं और प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी दी तथा सार्थक रूपरेखा और कार्यान्वयन के बारे में सोचने में हमारी मदद की।*

# नस्लीय समानता पर केन्द्रित जलवायु संबंधित कार्य

जलवायु परिवर्तन सभी को प्रभावित करता है, लेकिन दुनिया भर में - और यहां ऑस्टिन में - सभी समुदायों पर यह प्रभाव समान रूप से दिखाई नहीं देता है। विशेष रूप से वर्ण और अन्य हाशिए वाले समूहों के समुदाय, प्रणालीगत नस्लवाद और पर्यावरणीय अन्याय के कारण अधिक कमजोर होते हैं।

1928 में, ऑस्टिन ने एक मास्टर प्लान तैयार किया था जिसमें रेडलाइनिंग नामक एक अभ्यास का उपयोग करके शहर को नस्लीय रूप से बांट दिया गया। रेडलाइनिंग ने मुख्य रूप से अश्वेत और हिस्पैनिक/लैटिन्स निवासियों को विशिष्ट, अवांछनीय क्षेत्रों में जबरन विस्थापित और विभाजित कर दिया था। यह विभिन्न जाति और वर्ण के किसी भी व्यक्ति के लिए शहर की सेवाओं को नकारने और उन पर अश्वेत वर्चस्ववादी हिंसा को बढावा देने के कारण यह प्रयास किया गया था। इस हिंसक व्यवहार ने अश्वेत और हिस्पैनिक/लैटिन्स निवासियों को आईएच-35 के पूर्व में या शहर की सीमा के बाहर रहने के लिए मजबूर किया और आज भी हमारे समुदाय पर इसका प्रभाव पडा है। पूर्व ऑस्टिन में औद्योगिक क्षेत्रीकरण के लिए जानबूझकर वर्ण के समुदायों को खतरनाक, पर्यावरण के लिए हानिकारक बुनियादी ढांचे के साथ प्रदूषित क्षेत्रों में रहने के लिए विवश किया गया। हॉली स्ट्रीट पावर प्लांट और ईस्ट ऑस्टिन फ्यूल टैंक फार्म, जो अब कार्यमुक्त किए गए  हैं, इसके उदाहरण हैं।

हम मानते हैं कि हमारी समुदाय में होने वाले अन्याय को दूर किए बिना जलवायु परिवर्तन का समाधान करना असंभव है। ऐसी रणनीतियों के विकास में जो हमें हमारे जलवायु लक्ष्यों तक पहुँचने में मदद करेंगी, हम अपने शहर के लिए एक अधिक समावेशी, स्वस्थ, वहनीय और सुगम्य योजना तैयार करने का फैसला लिया है। प्रत्येक योजना के लक्ष्यों और रणनीतियों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह नस्लीय समानता को संबोधित करते हुए, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में क्मी आएगी।

## जलवायु समानता के प्रति प्रतिबद्धता



# संपोषणीय इमारतें

ऑस्टिन में इमारतें लगभग 50% उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। हम इमारतों को डी-कार्बोनाइजिंग करके, रेफ्रिजरेंट के उपयोग और लीकेज के द्‌वरा अपने निर्माण से संबंधित उत्सर्जन को कम करने, तथा निर्माण सामग्री को स्थायी रूप से प्रबंधित करने में वृध्दि कर सकते हैं। लेकिन हमारी इमारतों में सुधार केवल उत्सर्जन को कम करना ही नहीं है। तो इमारतों के अंदर की हवा की गुणवत्ता और हमारे घरों और व्यावसायिक स्थानों के उपयोग की ऊर्जा लागत पर ध्यान देना आवश्यक है।



फोटो क्रेडिट: एंड्रिया कैलो

*"[हमें] अश्वेत-, मूल निवासी -, और वर्ण के लोगों के अपने व्यवसायों के लिए विशेष कार्यक्रम लागू करना चाहिए, जो अपनी इमारतों का नवीनीकरण [और] उन्हें अधिक संपोषणीय बनाना चाहते हैं।"*

*-ऑस्टिन समुदाय सदस्य*

# प्रभाव

***यदि हम इस योजना के सभी संपोषणीय इमारतों के लक्ष्यों को लागू करते हैं और ऑस्टिन ऊर्जा उत्पादन योजना के लक्ष्यों को प्राप्त कर लेते हैं, तो हम 2030 तक समुदाय-व्यापी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 34% कम कर सकते हैं।***

निम्नलिखित 2030 के लक्ष्यों का उद्देश्य समानता में वृद्धि करते हुए ऑस्टिन में अधिक संपोषणीय इमारतों को बनाने के लिए है।

**सभी नए इमारतें नेट-जीरो कार्बन पर आधारित हैं, मौजूदा इमारतों से होने वाले उत्सर्जन में 25% की कमी की गई है, और प्राकृतिक गैस से संबंधित उत्सर्जन में 30% की कमी की गई है।**

एक नेट-जीरो कार्बन इमारत अत्यधिक कुशल और पूरी तरह से ऑन- या ऑफ-साइट नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा संचालित होती है। एक बढ़ते शहर के रूप में, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि नई इमारतें कार्बन न्यूट्रल हों और हमारे मौजूदा इमारतों के प्रभावों को भी कम करते रहें। स्वच्छ बिजली की ओर बढ़ने के अलावा, हम ऐसे कोड भी अपना सकते हैं जो नई इमारतों के लिए उच्च मानकों का समर्थन करते हों और यह सुनिश्चित करते हों कि निवासी और संगठन की ऊर्जा लागत को कम करते हों।

## रेफ्रिजरेंट रिसाव से समुदाय-व्यापी उत्सर्जन में 25% की कमी आई है।

रेफ्रिजरेंट ने आधुनिक जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन की सुविधा मिलती है। दुर्भाग्य से, उन्होंने हमारे कार्बन फुटप्रिंट को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। रेफ्रिजरेंट उत्सर्जन को कम करने के लिए अधिक कुशल इमारतों को डिजाइन करना, रिसाव में कमी लाने के लिए प्रोत्साहित करना, पुराने रेफ्रिजरेंट को खोजने और नष्ट करना, सर्वोत्तम कार्यों में एचवीएसी सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षण देना और सुरक्षा को देखते हुए कम प्रभाव वाले विकल्पों में बदलाव लाने की आवश्यकता होगी, क्योंकि वे आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और उनका उपयोग करने के लिए सुरक्षित रहते हैं।

## इमारतें निर्माण में निर्माण सामग्री के सन्निहित कार्बन फुटप्रिंट में 40% की कमी आई है।

इमारतों से जुडे कार्बनउत्सर्जन में विनिर्माण, परिवहन, निर्माण और रखरखाव, तोड़ना, और सामग्री का निपटान या पुन: उपयोग ये सभी उत्सर्जन बढ़ाने का कार्य करते हैं। यदि हम इसका पुनर्निर्माण और कबाड़ का उपयोग करके और कम कार्बन निर्माण वाली सामग्री का उपयोग करके इमारतों से होने वाले उत्सर्जन को कम कर सकते हैं

## प्रति वर्ष 152,000 एकड़-फीट की समुदाय-व्यापी पानी की मांग समान रूप से पूरी होती है।

ऑस्टिन एक सूखा-प्रवण, तेज़ी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है, इसलिए हमारे पानी का चिरस्थायी प्रबंधन आवश्यक है। पानी के उपयोग और कम उपयोग करने की पहल में अधिक निवासियों को शामिल करने के लिए, निर्माण पर ध्यान केंद्रित रणनीतियों को प्रतिनिधिक और समान समुदाय को बढ़ावा देना चाहिए और सहभागिता में होनेवाली बाधाओं को कम करना चाहिए। जल प्रणाली के पर्यावरणीय फुटप्रिंट को कम करने के लिए उपयोगिता संचालन में ऊर्जा दक्षता और अनुकूलन भी महत्वपूर्ण साधन हैं।

# प्रभाव

***यदि हम इस योजना के सभी परिवहन और भूमि उपयोग लक्ष्यों को प्राप्त कर लेते हैं और कैपिटल मेट्रो के प्रोजेक्ट कनेक्ट को लागू कर लेते हैं, तो हम 2030 तक समुदाय-व्यापी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 3% कम कर सकते हैं।***



***"मुझे चिंता है कि ऑस्टिन में कम आय वाले और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को विस्थापित किया जा रहा है, जिससे हमारे शहर की जीवंतता और विविधता कम हो रही है।"***

***-ऑस्टिन समुदाय सदस्य***

# परिवहन और भूमि उपयोग

हमारे निवासी जहां रहते हैं, काम करते हैं, और खेलते हैं और जैसे वे हमारे शहर में इधर उधर घूमते हैं, इससे हमारा समुदाय-व्यापी उत्सर्जन पर बहुत प्रभाव पड़ता है। समन्वित परिवहन और भूमि उपयोग रणनीतियों के सुविचारित विस्थापन विरोधी रणनीतियों के संयोजन से विविध समुदायों के समर्थन के साथ-साथ परिवहन के हरित रूपों तक पहुंच में सुधार हो सकता है, अधिक किफायती आवास का निर्माण हो सकता है, और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी हो सकती है। हमारा दृष्टिकोण एक व्यक्ति-केंद्रित गतिशीलता नेटवर्क विकसित करना है जो कम आय वाले समुदायों और सभी समुदायों के आयु वर्ग और प्रतिभाओं की ज़रूरतों को पूरा करता है।

## 80% नए गैर-आवासीय विकास शहर के गतिविधि केंद्रों में स्थित है।

हमारे शहर का सतत विकास करने से कारों पर हमारी निर्भरता कम हो सकती है। अधिक परिवहन विकल्प प्रदान करके और कर्मचारियों को गाड़ी न चलाने के लिए प्रोत्साहित कर नियोक्ताओं के साथ काम किया जा सकता है, उससे यात्री अधिक आसानी से घूमने के लिए नए तरीके को अपनाया जा सकता है। नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए बाइक चलाना, पैदल चलना, पारगमन, और शेयर की जाने वाली गतिशीलता के अन्य रूपों को अधिक सुलभ बनाकर मदद करनी चाहिए।

## 135,000 आवास इकाइयाँ एसए द्वरा संरक्षित और विकसित की गई हैं, जिसमें 60,000 किफायती आवास इकाइयाँ एसए शामिल हैं, और 75% नए आवास आईएस शहर के गतिविधि केंद्रों के आधे मील के भीतर स्थित हैं।

आवास और जलवायु अविभाज्य हैं। यदि लोग किराने की दुकानों, बैंकों, स्वास्थ्य सेवाओं और स्कूलों जैसी आवश्यक सेवाओं से दूर रहते हैं, तो वे सार्वजनिक परिवहन, पैदल चलने और बाइक चलाने जैसे विकल्पों का उपयोग नहीं कर सकते हैं। आवास भी तेज़ी से बढ़ रहे हैं, जिसने कम आय वाले लोगों, विकलांग लोगों और विभिन्न वर्णों के समुदायों को विस्थापित कर दिया है, जबकि पूर्व ऑस्टिन के बड़े हिस्से में रहने वाले लोगों को स्वस्थ, किफायती खाद्य मिलने के लिए अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। विस्थापन को रोकने में मदद करने के लिए, परिवहन उत्सर्जन को कम करने के लिए, और ज़रूरतमंद लोगों के लिए आवास की अधिक उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय स्थानों पर तत्काल किफायती आवास की आवश्यकता है।

## ऑस्टिन में 50% यात्राएं सार्वजनिक परिवहन, बाइकिंग, पैदल, कारपूलिंग का उपयोग करके की जाती हैं, या घर से काम करके पूरी तरह से परहेज़ किया जाता है।

वाहनों के कार्बन और प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए, हमें अधिक से अधिक समुदाय के सदस्यों को बिना कारों के ऑस्टिन में घूमने में मदद करनी चाहिए। जब सार्वजनिक परिवहन को निम्न-आय की समुदायों और वर्णों के समुदायों की मदद करने के लिए विस्थापन-विरोधी रणनीतियों के साथ जोड़ा जाता है, तो यह एक समान, निम्न-कार्बन शहर का एक मुख्य तत्व बन जाता है। हमें विश्वसनीयता, आवृत्ति, गति और दक्षता को बढ़ाने के लिए नए रास्तें बनाने के लिए मौजूदा रास्तों में सुधार करने और नए रास्ते बनाने के लिए कदम उठाने की ज़रूरत है। हमें उन रास्तों पर पारगमन सुरक्षा और विश्वसनीयता में भी सुधार करना चाहिए जो ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के लिए उपयुक्त हो और अधिक लोगों की सेवा करने के लिए पारगमन लागत को कम करता हो।

समानता के साथ नेतृत्व करने का अर्थ एक व्यक्ति-केंद्रित नेटवर्क विकसित करना है जिससे पारगमन का विकल्प हमारे साइकिल नेटवर्क, फुटपाथ और सड़क क्रॉसिंग में सुधार करके निवासियों के लिए कम-कार्बन या लोगों द्वारा संचालित विकल्पों का उपयोग करना आसान बनाता है।

# प्रभाव

***यदि हम इस योजना के सभी परिवहन विद्युतीकरण के लक्ष्यों को प्राप्त कर लेते हैं, तो हम समुदाय-व्यापी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 16% तक कम कर सकते हैं।***



# परिवहन विद्युतीकरण

ऑस्टिन में, हमारी परिवहन प्रणाली जल्द ही ग्रीनहाउस गैसों का सबसे बड़ा उत्सर्जक बन जाएगी और जो पहले से ही स्थानीय वायु प्रदूषण का प्राथमिक स्रोत है। इन परिवहन-संबंधी उत्सर्जन का अधिकांश हिस्सा निजी कारों और ट्रकों के कारण होता है। इसका मतलब यह है कि हमारे उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए, आवश्यक है कि अधिक से अधिक लोग परिवहन के स्थायी रूपों का उपयोग करें, जिसमें नवीनीकरण ऊर्जा द्वारा संचालित निजी वाहन भी शामिल हैं।

अच्छी खबर यह है कि इलेक्ट्रिक वाहन (EVs) अधिक किफायती होते जा रहे हैं और उनकी रेंज लंबी है, और अधिक चार्जिंग विकल्प भी उपलब्ध हो रहे हैं। 2030 के लिए निम्नलिखित लक्ष्यों का उद्देश्य ईवीएस को अपनाने के लिए समुदाय को बढ़ावा देना है।

## ऑस्टिन में यात्रा करने वाले कुल वाहन मील का 40% विद्युतीकृत है, और ईवी स्वामित्व सांस्कृतिक, भौगोलिक और आर्थिक रूप से विविधतापूर्ण है।

नवीनीकरण ऊर्जा द्वारा संचालित ईवीएस स्थानीय वायु प्रदूषण और जलवायु संबंधी उत्सर्जन को कम करने के प्राथमिक तरीकों में से एक हो सकता है। लेकिन ऐसा रातोंरात नहीं होगा। समुदाय की ज़रूरतों को सुनकर, प्रोत्साहन की पेशकश करके, और पर्यावरण के लिए सस्ता, आसान और बेहतर समाधानों पर सहयोग करके इस संक्रमण को बनाने के लिए शहर को निवासियों की सहायता कर और व्यवसायों के साथ काम करने की आवश्यकता होगी।

## ऑस्टिन के पास सड़क पर अधिक EVs का समर्थन करने के लिए स्तर 1, 2, और DC फास्ट-चार्जिंग स्टेशनों का समान रूप से वितरित मिश्रण है।

ईवी खरीदना एक बड़ा कदम है, लेकिन आपको इसे प्लग इन करने के लिए जगह भी चाहिए। ऑस्टिन एनर्जी के मालिक के रूप में, कार चार्जिंग को सरल,किफायती और सभी के लिए सुलभ बनाने में शहर की बड़ी भूमिका है। इसका मतलब है कि ईवीएस पर स्विच करने के लिए ऑस्टिन के चार्जिंग नेटवर्क को समान रूप से बनाना जारी रखना, और साथ ही यह भी सुनिश्चित करना कि विस्थापन विरोधी रणनीतियों को लागू किया गया है। अगर यह सब सही तरीके से किया जाए, तो हमारी बिजली उपयोगिता, निवासियों और पर्यावरण सभी को लाभ होता है।

## ऑस्टिन-राउंड रॉक-सैन मार्कोस क्षेत्र इस उभरते उद्योग के विकास का समर्थन करने वाली नीतियों और प्रौद्योगिकियों के माध्यम से परिवहन विद्युतीकरण में अग्रणी है।

हर दिन, ऑस्टिन क्षेत्र के निवासी काम, स्कूल और खेलने के लिए शहर और काउंटी लाइनों में ड्राइव करते हैं। इसका मतलब है कि हमें ऐसी ईवीएस की ज़रूरत है जो हमारे पड़ोसी समुदायों के लिए भी सुलभ हों ताकि लाभ अधिक मिल सकें और हमारी समुदाय में सभी के लिए समान पहुंच सुनिश्चित हो सके। ईवीएस में स्विच करने के साथ-साथ इसमें व्यावसायिक के अधिक अवसर भी है, और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारा पूरा क्षेत्र उस बदलाव में सबसे आगे है।

***"तीन साल के इलेक्ट्रिक कार स्वामित्व ने मुझे आश्वस्त किया है कि हम एक रोमांचक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं।"***

***-न्हाट हो, स्थानीय इलेक्ट्रिक वाहन चालक***

# तथ्य

***ऑस्टिन निवासी हर साल लैंडफिल में 58,000 टन रीसाइक्लिंग योग्य चीज़ों को फेंक देते हैं।***

***यह यूटी टावर को सालाना 29 बार भरने के लिए काफी है! ****




फोटो क्रेडिट: टेक्सास फार्मरर्स मार्केट से नोरा चोवेनेक

***"एक सुंदर  शहर वह है जहां हमारे सबसे कमजोर लोगों के जीवन को बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुतसी चीज़ों का पुनः उपयोग किया जाता है।"***

***-ऑस्टिन समुदाय सदस्य***

# खाद्य और उत्पाद की खपत

हमारे द्वारा उपभोग किए जाने वाले खाद्य और उत्पादों के उत्सर्जन का पूरी तरह से हिसाब लगाने के लिए, हमें कच्चे माल की निकासी, खपत, और किसी उत्पाद के अंतिम निपटान या पुन: उपयोग पर विचार करने की आवश्यकता है - चाहे वे गतिविधियाँ कहीं भी हों। हमारे द्वारा स्थानीय रूप से उपभोग किए जाने वाले कई उत्पादों का वैश्विक उत्सर्जन से प्रभाव पड़ता है। जब हमारे द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और खाद्य पदार्थों की बात आती है, तो हम अधिक कुशल, चक्रिल प्रक्रियाएं बना सकते हैं जो जीवन की गुणवत्ता में सुधार करती हैं और मानव और विश्व के स्वास्थ्य को बहाल करती हैं। निम्नलिखित लक्ष्य हमें 2030 तक इस दृष्टिकोण के साथ प्राप्त करने  हैं।

## सभी ऑस्टिन निवासी ऐसे खाद्य प्रणाली का एक्सेस कर सकते हैं जो समुदाय संचालित है, खाद्य असुरक्षा को संबोधित करता है, पुनर्योजी कृषि को प्राथमिकता देता है, आहार और स्वास्थ्य एजेंसी का समर्थन करता है, पौधे आधारित खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देता है।

ट्रैविस काउंटी में, हमारी आबादी का 15% खाद्य असुरक्षित है, और हमारी खाद्य आपूर्ति का 1% से भी कम स्थानीय स्तर पर उत्पादित होता है। हम एक समुदाय के रूप में भी बहुत अधिक खाद्य बर्बाद करते हैं। इन मुद्दों को हल करने में मदद के लिए, स्थानीय खाद्य उत्पादकों, बड़े खाद्य खरीदारों, खुदरा प्रदाताओं और संगठनों के साथ सहयोग की आवश्यकता होगी जो सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक पौधे-आधारित खाद्य को वांछनीय, आसान और किफायती बनाने के लिए व्यक्तियों और परिवारों से जुड़ते हैं। खाद्य क्यों बर्बाद होता है, इसे बेहतर ढंग से समझना तथा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण होगा कि भोजन खाने के लिए होता है और उसे फेंका न जाए।

## संस्थागत, वाणिज्यिक और सरकारी खरीद से

## ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कम से कम 50% की कमी आई है।

प्रणालीगत परिवर्तन शहर की खरीद प्रथाओं के साथ शुरू होगा, इसके बाद सभी प्रकार के संगठनों को साझा स्थायी खरीद मानकों या दिशानिर्देशों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। हमारे उत्सर्जन में कमी की प्रगति को ट्रैक करते हुए प्रोत्साहन, शिक्षा और प्रशिक्षण के अवसरों के माध्यम से शहर के परिपत्र अर्थव्यवस्था कार्यक्रम को बढ़ाने के लिए हमें इस लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

## नए शून्य-अपशिष्ट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपशिष्ट में कमी, जैविक खाद, और पुनर्चक्रण को आक्रामक रूप से अपनाया जाता है जब नई ऑस्टिन संसाधन वसूली शून्य अपशिष्ट योजना को अपनाया जाता है।

शहर के शून्य-अपशिष्ट लक्ष्य तक पहुंचने का अर्थ है जागरूकता अभियानों के माध्यम से समुदाय के सदस्यों को सशक्त बनाना, वस्तुओं को साझा करने और मरम्मत करने के लिए पड़ोस "इको-हब", प्रशिक्षण और कार्यबल विकास के अवसर, वित्तीय प्रोत्साहन, और थोक पिकअप कार्यक्रमों और नीतियों का अद्यतन। इन प्रयासों को कम आय वाली समुदायों, युवाओं और की विभिन्न जातियों और वर्णों की समुदायों की ज़रूरतों को समर्थन और प्राथमिकता देने की आवश्यकता होगी।

*स्रोत: ऑस्टिन 2015 सिटी-सर्विस्ड रेजिडेंशियल वेस्ट कैरेक्टराइजेशन स्टडी

# प्रभाव

***यदि इस खंड में उल्लिखित सभी सिफारिशों को लागू किया जाता है, तो ऑस्टिन में और उसके आसपास की प्राकृतिक प्रणालियाँ शहर के कुल कार्बन उत्सर्जन के अतिरिक्त 5% को अलग कर सकती हैं।***



# प्राकृतिक प्रणालियां

प्राकृतिक प्रणालियाँ हमारे चारों ओर हैं। इनमें पौधे, मिट्टी, जल विज्ञान, भूविज्ञान, मौसम के पैटर्न और जानवर शामिल हैं जो हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के समग्र स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए परस्पर जुड़े हुए हैं। प्राकृतिक प्रणालियाँ वातावरण से कार्बन को हटाने का महत्वपूर्ण कार्य भी करती हैं, जिसे कार्बन पृथक्करण के रूप में जाना जाता है। वे हमारे निवासियों के लिए कई स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता लाभ प्रदान करते हैं। हमारी प्राकृतिक प्रणालियों की रक्षा और संरक्षण हमारी समुदाय के स्वास्थ्य, आजीविका और संस्कृति में एक तरह का निवेश है।

### प्राकृतिक भूमि पर कार्बन पूल के 20,000 अतिरिक्त एकड़ संरक्षित हैं, और सभी प्राकृतिक क्षेत्रों को लचीलेपन पर ध्यान केंद्रित करके प्रबंधित किया जाता है।

जब उचित रूप से प्रबंधित किया जाता है, तो प्राकृतिक भूमि वातावरण से कार्बन को हटाने के लिए कुछ संभावित क्षमता दिखाई देती है। हालांकि, ये क्षेत्र अशांत होने पर कार्बन ग्रहण करने के बजाय, उससे अधिक कार्बन छोड़ सकते हैं, जिससे यह कार्बन सिंक के बजाय कार्बन स्रोत बन जाते हैं। हमें प्राकृतिक भूमि को संरक्षित करना चाहिए और गर्मी, सूखा, बाढ़ और जंगल की आग जैसे जलवायु प्रभावों का सामना करने के लिए उनका प्रबंधन करना चाहिए, साथ ही यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी निवासियों को इन प्राकृतिक स्थानों तक पहुंच है, इसमें उनके आने की अनुमति है और वह इससे लाभ उठाते हैं।

## पांच-काउंटी क्षेत्र में 500,000 एकड़ कृषि भूमि कानूनी संरक्षण या पुनर्योजी कृषि कार्यक्रमों के माध्यम से संरक्षित है।

जब संपोषणीय या पुनर्योजी कृषि पद्धतियों के माध्यम से प्रबंधित की जाए, तो कामकाजी भूमि कार्बन ग्रहण के लिए काफी संभावनाएं दिखाई देती है। हालांकि, प्रमुख कृषि भूमि अक्सर विकास के लिए प्रमुख भूमि होती है, जिसका अर्थ है कि कई छोटे पैमाने के खेत बड़े दबाव का सामना कर रहे हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रमुख कृषि भूमि को विकास से बचाना, स्थायी कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना और छोटे पैमाने पर स्थानीय किसानों को सहायता प्रदान करना महत्वपूर्ण है।

## 2050 तक कम से कम 50% ट्री कैनोपी का कवर पूरे शहर में किया जाएगा, जिसमें कैनोपी कवर को समान रूप से बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा।

शहरी पेड़ और बढ़े हुए ट्री कैनोपी कवर वातावरण से कार्बन को कैप्चर करते हैं, छाया प्रदान करते हैं, हीट आइलैंड प्रभाव को कम करते हैं, और वायु गुणवत्ता, स्वास्थ्य और जीवन परिणामों की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। हालांकि, प्राकृतिक भूमि की तरह, जलवायु परिवर्तन के कारण पेड़ों को कई खतरों का सामना करना पड़ता है। हमें अपने मौजूदा पेड़ों की रक्षा करनी चाहिए, अधिक वृक्षारोपण के अवसरों की तलाश करनी चाहिए और अपने शहरी वनों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और लचीलापन प्रदान करना चाहिए।

## सभी शहर के स्वामित्व वाली भूमि को प्रबंधन योजना के तहत शामिल किया गया है जिसके परिणामस्वरूप तटस्थ या नकारात्मक कार्बन उत्सर्जन होता है और समुदाय लाभ में बढ़ोतरी होती है।

सार्वजनिक भूमि हमारे निवासियों को आवश्यक लाभ प्रदान करती है। ये हरे भरे स्थानों तक समुदाय को ऐक्से करने में सहायता प्रदान करती है, अत्यधिक तापमान को कम करती है, और कई स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता के लाभ प्रदान करती है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए, हमें अधिक प्राकृतिक क्षेत्रों को प्राप्त करना और प्रबंधित करना और सार्वजनिक भूमि पर समुदाय प्रबंधन को बढ़ावा देने पर ध्यान देना चाहिए।

# मैं ऑस्टिन को नेट-ज़ीरो बनाने में मदद कर रही हूँ

भित्ति चित्र पेंट करना

खाली लॉट के प्रोजेक्ट

मुझे ❤ रचनात्मक होना पसंद है

आयोजन करना
मोहल्ले के




हमेशा बनाएं

आइडिया

सामुदायिक गार्डन बनाना






## मैं समुदायों को सुंदर बनाती हूँ

# नेट_ज़ीरो हीरो रासीन मैकिन्टॉश

रासीन मैकिन्टॉश एक ओलंपिक और कॉलेजिएट एथलीट और गैर-लाभकारी संगठन रासिन इन द सन की संस्थापिका हैं। पूर्वी ऑस्टिन में निहित, रासिन इन द सन उन परियोजनाओं के माध्यम से शहरी समुदाय को सुंदर बनाने के लिए काम करती हैं जो स्वयंसेवकों को एक साथ लाने और हरे भरे स्थान निर्माण के लिए प्रोत्साहित करती हैं जहां वे इकट्ठा हो सकते हैं, स्वस्थ भोजनउगा सकते हैं और मजबूत बंधन बना सकते हैं।

***"मैंने समुदाय उद्यानों के निर्माण, समुदाय सफाई आयोजन, भिति चित्र बनाने और आवासीय और खाली लॉट को बहाल करने से लेकर विभिन्न प्रकार के सौंदर्यीकरण परियोजनाओं को बनाने के लिए एक मंच के लिए रासिन इन द सन बनाया था। जब मैं अनुपयोगी जगह को ऐसे समुदाय गौरव के क्षेत्रों में बदलने के लिए सहयोगी रूप से काम करती हूं, जहां लोग इकट्ठा हो सकते हैं, स्वस्थ खाद्य उगा सकते हैं, और हरियाली और अनोखे स्थानों का आनंद ले सकते हैं, इससे मैं बहुत प्रेरित होती हूं। सौंदर्यीकरण के शेयर कार्य को करने के लिए स्वयंसेवकों को एक साथ लाने का अर्थ है रचनात्मक रूप से समस्याओं को एक साथ मिलकर गहरा संबंध बनाना।"***

***-रासीन मैकिन्टॉश***

## आगे क्या होगा

हमारे जलवायु लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए शहर की सरकार बहुत कुछ कर सकती है, लेकिन हम इसे अकेले नहीं कर सकते। यह योजना केवल उतनी ही सफल होगी जितनी कि पूरी समुदाय की प्रतिबद्धता और अनुवर्ती कार्यवाही के रूप में। इस योजना को जीवन में लाने के लिए, हमें समावेशी और न्यायसंगत समुदाय के साथ जुड़ाव और ऑस्टिन की जलवायु समानता योजना में उल्लिखित लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए रणनीति बनाने के लिए एक प्रतिनिधि सहभागी गठबंधन बनाने की आवश्यकता है।

## आप कैसे मदद कर सकते हैं

अपने समुदाय में नेट-ज़ीरो हीरो बनें! स्थायी परिवहन लेने और घर पर कम ऊर्जा का उपयोग करने जैसी व्यक्तिगत कार्यों का आपके व्यक्तिगत कार्बन फुटप्रिंट पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा। जलवायु से संबंधित उन मुद्दों के बारे में बात करना चाहिए जिनकी आप परवाह करते हैं और वोट देने के लिए जाना, ऐसे अन्य महत्वपूर्ण तरीके हैं जिनसे फर्क पड़ सकता है।

ऑस्टिन जलवायु समानता की पूरी योजना पढ़ें और कार्य करने के तरीके के बारे में अधिक जानें austintexas.gov/climateplan.

# एक साथ मिलकर हम एक स्वस्थ और न्यायसंगत ऑस्टिन का निर्माण करेंगे।

